छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं को रोजगार के लिए तैयार करने व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सोमवार को 20 दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत की गई। बीए तीनों वर्ष की छात्राओं ने शिरकत की।

उद्घाटन कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने छात्राओं को आत्मविश्वासी व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं, नांदी फाउंडेशन और महिंद्रा प्राइड क्लासेज की प्रतिनिधि अश्मीत कौर ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सत्या मिश्रा तथा डॉ. ममता डोगरा ने किया। (माई सिटी रिपोर्टर)